हिन्दुस्तान Published on May 29 2008 , Page 3

## इंटरमीडिएट परीक्षा

# परचम लहराया सायंस कॉलेज के छात्रों ने

**पटना (सं.सू.)।** पटना विवि के सायंस कॉलेज के छात्रों ने बिहार इंटरमीडिएट की परीक्षा में अपना परचम लहराया। टॉप टेन में सायंस कॉलेज के आठ छात्र शामिल हैं। इसी को लेकर सायंस कॉलेज के प्राचार्य एस.एन. गुहा काफी उत्साहित दिखे। उन्होंने कॉलेज के छात्रों के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए राज्य सरकार से मांग कर डाली की फिर से कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई शुरू होनी चाहिए।

साथ ही कहा कि कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई का बेहतर माहौल होता है। कॉलेज के विद्वान शिक्षकों की वजह से हीं छात्र-छात्राएं आज यह मुकाम पा सके हैं। खुशी के मारे उनक ी आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने बातचीत के दौरान कहा कि एक तरफ छात्रों की सफलता की खुशी है वहीं दूसरी ओर उनसे बिछड़ने का गम भी है।

फोटो : हिन्दुस्तान

श्री गुहा ने कहा कि छात्रों ने सायंस कॉलेज के गौरवशाली इतिहास के अध्याय में एक पन्ना और जोड़ दिया है। पटना विवि से इंटरमीडिएट की पढ़ाई को समाप्त कर दिए जाने के फैसलों को सही नहीं ठहराया। उन्होंने कहा कि पहले इंटरमीडिएट स्कूल स्तर की व्यवस्था मजबूत करने के बाद ही विवि से इसे समाप्त करना चाहिए था।

कॉलेज की रौनक इंटर की छात्रों से होती है। पूरा कॉलेज परिसर छात्र-छात्राओं के कोलाहलपूर्ण वातावरण से जगमगाता रहता है।

pressmart world's online press.

TOP

www.bodhtree.com

www.pressmart.net

Call 1800 209 8888 or

CLICK HERE TO BUY ONLINE

ICICI Lomb
Insurance 24 x 7